# भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका व्यवसाय परिषद में प्रधानमंत्री का उद्‌बोधन

**17 अक्तूबर, 2007**
**दक्षिण अफ्रीका**

मुझे खासतौर पर खुशी है कि यह बिजनेस फोरम भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका प्रक्रिया का आंतरिक अंग बन चुका है । भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका की सफलता के लिए सुदृढ़ व्यापार और आर्थिक भागीदारी जरूरी है ।

भारत; ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका दुनिया की अत्यधिक गतिशील विकासशील अर्थव्यवस्थाएं हैं। हमारे पास स्पष्ट अनुपूरकताएं और ताकत है, जो हमें आपस में बांटनी और बढ़ानी चाहिए।

हमने तीनों देशों के बीच 2010 तक 15 बिलियन डॉलर के कारोबार का सामान्य लक्ष्य निर्धारित किया है। अपने व्यावसायिक नेतृत्व को सुझाव देना चाहूंगा कि वे इस लक्ष्य को 2009 तक हासिल करें और 2012 तक इसे दुगुना कर दें । व्यवसाय अत्यधिक सक्रिय होना चाहिए ।

हम सरकार की ओर से आपको आश्वासन देते हैं कि हम भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका के बीच व्यापार एवं निवेश के लिए जरूरी माहौल बनाने का प्रयास करेंगे । हमें यह भी उम्मीद है कि यह बिजनेस फोरम उन अवसरों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करेगा जो हमारे तीनों विशाल बाजार मुहैया कराते हैं ।

हममें से प्रत्येक की ताकत विज्ञान और प्रौद्योगिकी में निहित है। मैं व्यावसायिक नेतृत्व से आग्रह करता हूं कि वे खासतौर पर निर्माण, औषधि निर्माण और आईसीटी जैसे क्षेत्रों में संयुक्त शोध एवं विकास परियोजनाओं, के जरिए इस ताकत का दोहन करने के लिए नया नजरिया पेश करें ।

हमारे सामने ऊर्जा सुरक्षा की प्रमुख चुनौती है । हमें अपने साझा हित के लिए इस क्षेत्र में सहयोग का उपयोग करना चाहिए । ब्राजील के पास इथेनोल और जैव ईंधनों में तुलनात्मक मजबूती है, दक्षिण अफ्रीका कोयले से तरल और गैस से तरल प्रौद्योगिकियों में निपुण है । भारत के पास वायु एवं सौर ऊर्जा की ताकत है । हमें यह देखने की जरूरत है कि इन क्षेत्रों में त्रिपक्षीय उपक्रमों को सुगम व्यावसायिक मॉडल कैसे बनाया जा सकता है ।

व्यवसाय की सामाजिक जिम्मेदारी भी है । भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका के तहत, हम साझा सामाजिक विकास रणनीति को विस्तार देने की प्रक्रिया में हैं । हम इस क्षेत्र में प्रभावशाली सार्वजनिक-निजी भागीदारी को साकार करने के लिए व्यावसायिक समुदाय के योगदान का स्वागत करेंगे ।

अत में मैं इस बात पर जोर देना चाहूंगा कि यदि हम अपनी अर्थव्यवस्थाओं को एकीकृत करने के उद्देश्य को हकीकत में बदलना चाहते हैं तो हमारे व्यवसाय और उद्योग को एक साथ चलना बहुत महत्वपूर्ण है ।

*******